Title : Need to run proposed Rajdhani Express between Ranchi and Delhi twice a week.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : महोदय, इस वित्तीय र्वा के रेल बजट में झारखण्ड की राजधानी रांजी से दिल्ली के बीच राजधानी सेवा शुरु करने की घोाणा की गई है, जो 2 अक्टूबर से चलने को प्रस्तावित है। रांची इस समय झारखण्ड की राजधानी है और यहां के व्यापारी और सरकारी कर्मचारी कम समय में इस रेल सेवा से यात्रा कर पायेंगे, परन्तु ये सेवा सप्ताह में एक दिल है, जबकि लोगों की मांग है कि इसे सप्ताह मे दो दिन अवश्य चलाया जायें। इस मार्ग पर भीड़-भाड़ भी ज्यादा रहती है और यह रेल सेवा शुक्रवार को दिल्ली से और रविवार को रांची से चलाई जाए, क्योंकि इन दोनों दिन शुक्रवार से दिल्ली और रविवार को रांची से इस रेल मार्ग पर भीड़-भाड़ ज्यादा रहती है। साथ ही रांची को अब कई अन्य राज्यों से रेल सेवा को दुतगति रेल सेवा से जोड़ा जाए।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस प्रस्तावित गाड़ी को सप्ताह में एक दिन की बजाय दो दिन चलाया जाए।